‘संभव’ जागरूकता कार्यक्रम

drishtiias.com/hindi/printpdf/sambhav-awareness-programme

हाल ही में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने **राष्ट्रीय स्तर के जागरूकता कार्यक्रम- "संभव", 2021** की शुरुआत की।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुँचने के लिये **MSME मंत्रालय के तहत** शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसमें **मंत्रालय के 130 क्षेत्रीय कार्यालय** देश के सभी हिस्सों के **विभिन्न कॉलेजों/ आईटीआई के छात्रों को उद्यमिता अपनाने के लिये प्रोत्साहित** करेंगे।
  - इस अभियान के दौरान कॉलेज के छात्रों को ऑडियो/वीडियो फिल्म के माध्यम से **MSME मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जाएगा**।
- **उद्देश्य:**

  आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से उद्यमिता तथा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये **युवाओं को भागीदारी के लिये प्रोत्साहित करना।**
- **आवश्यकता:**

  सरकार **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** और निर्यात में **MSME के योगदान** को बढ़ाने के लिये काम कर रही है।

  GDP में MSME का योगदान मौजूदा 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और MSME क्षेत्र में रोज़गार को 11 करोड़ से बढ़ाकर 15 करोड़ करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।
- **संबंधित पहलें:**
  - महिला उद्यमिता मंच (WEP)
  - कृषि-व्यवसाय विकास के लिये उद्यम पूंजी योजना
  - प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
  - जनरेशन अनलिमिटेड (युवाह)
  - नेशनल कॅरियर सर्विस
  - प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम
  - प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजना (PMEGP)
  - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा)